CAREERINDIA

C

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 48 ]
Total No. of Questions : 48 ]

**CCE PF**
**CCE PR**
**REVISED**

Question Paper Serial No. **80**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**

**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ/ New Syllabus )**

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 09. 04. 2020 ] [ Date : 09. 04. 2020

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 48 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

www.careerindia.com



Tear here

CAREERINDIA



I. **निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।**

8 × 1 = 8

1. 1453 में कॉन्स्टैन्टिनोपल शहर पर अधिकार कर लिया गया था

   (A) अरबों द्वारा (B) ऑटोमन तर्कों द्वारा

   (C) इतालियों द्वारा (D) पुर्तगालियों द्वारा ।

2. भारत छोड़ो आन्दोलन का नेतृत्व गैर-काँग्रेसी नेताओं को दिया गया था । निम्न में गैर-कॉंग्रेसी नेता को पहचानें :

   (A) कस्तुरबा गाँधी (B) डॉ० बी० आर० अम्बेदकर

   (C) जयप्रकाश नारायण (D) मौलाना अबुल कलाम आजाद ।

3. चीन के प्रधान ( Premier ) चाउ-एन-लाई के साथ पंचशील सिद्धांत पर हस्ताक्षर करने वाले भारत के प्रधानमंत्री थे

   (A) जवाहरलाल नेहरू (B) लाल बहादूर शास्त्री

   (C) इन्दिरा गाँधी (D) अटल बिहारी वाजपेयी ।

4. बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए 'बालिका संघों' का प्रवर्तन तथा रख-रखाव किया जाता है

   (A) बाल अधिकार सुरक्षा इकाई द्वारा (B) बाल ग्राम सभा द्वारा

   (C) बाल सुरक्षा कमिटी द्वारा (D) आँगनवाड़ी द्वारा ।

5. कारगिल के निकट 'द्रास' का तापमान सबसे कम रिकार्ड होने का कारण है

   (A) इस क्षेत्र में सूर्य की उर्ध्वाधर किरणें पड़ना

   (B) इसका समुद्र के निकट होना

   (C) यह बहुत ऊँचाई पर है

   (D) यह दक्षिण-पश्चिम मॉनसून से प्रभावित है ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



6. हमारे संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है

(A) अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के शैक्षिक हित में मदद करना सरकार का दायित्व है

(B) यह अल्पसंख्यक वर्ग की शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना का प्रबंध करता है ।

(C) यह प्रबंध करता है कि सामाजिक न्याय तथा लोक कल्याण राज्य सरकार का दायित्व है

(D) यह प्रत्येक बालक को शिक्षा का मौलिक अधिकार का प्रबंध करता है ।

7. सरकार द्वारा गैर-कर राजस्व निम्न में से किससे वसूला जाता है ?

(A) वस्तु एवं सेवा कर ( GST ) द्वारा

(B) विभिन्न तरह का जुर्माना लगाकर

(C) आयात-निर्यात कर द्वारा

(D) स्टाम्प-शुल्क लगाकर ।

8. उद्यमी जो "श्वत क्रांति के जनक" के नाम से लोकप्रिय हैं, हैं

(A) डॉ० प्रताप रेड्डी

(B) नरेश गोयल

(C) वर्गिस कुरियन

(D) किरण मजुमदार शाह ।

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** 8 × 1 = 8

9. बंगाल में 'द्वैध शासन' कौन कार्यान्वित किया ?

10. सती प्रथा के विरुद्ध लड़ाई में गवर्नर-जेनरल विलियम बेंटिंक ने राजा राममोहन राय को कैसे समर्थन दिया ?

11. मानवाधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?

12. बालिका भ्रूण हत्या क्या है ?

13. उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन को 'मॉनसूनी वन' भी कहे जाते हैं । क्यों ?

14. जनसंख्या घनत्व क्या है ?

15. वस्तु-विनिमय पद्धति क्या है ?

16. विश्व उपभोक्ता आन्दोलन के इतिहास में 15 मार्च, 1962 का दिन महत्वपूर्ण क्यों है ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक चार वाक्यों में दें :** $18 \times 2 = 36$

17. सहायक संधि द्वारा अंग्रेजों ने भारतीय प्रांतों को कैसे अपने नियंत्रण में कर लिया ?

18. 1961 में गोवा कैसे पुर्तगालियों से मुक्त हुआ ?

19. भारतीय विदेश नीति के उद्देश्य क्या हैं ?

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कार्यों का वर्णन करें ।

20. सामाजिक स्तरीकरण ( Stratification ) कैसे विभिन्न रूपों में अस्तित्व में है ?

**अथवा**

1970 के दशक में डी० देवराज अर्स ने कर्नाटक में किस तरह से सामाजिक सुधार लाया ?

21. पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट में अंतर करें ।

22. मृदा अपरदन के कारण क्या हैं ?

23. "स्वयं सहायता समूह महिलाओं की प्रतिष्ठा तथा स्वायत्तता बढ़ाया है ।" कैसे ?

24. "भूमंडलीकरण उपभात्ताओं के लिए लाभकारी हुआ ।" विवेचना करें ।

25. बक्सर युद्ध के परिणामों का उल्लेख करें ।

26. 'राज्य अपहरण नीति' के प्रयोग द्वारा जिन राज्यों को मिलाया गया उनके नाम बताएँ ।

27. भारतीय संघ में जुनागढ़ का विलय कैसे हुआ ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



28. "भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए सकारात्मक भूमिका निभाता है ।" सत्यापन करें ।

29. U.N.O. के उद्देश्य क्या हैं ?

30. बाल चोरबाज़ारी ( trafficking ) के दुष्प्रभाव क्या हैं ?

31. भारत कैसे पड़ोसी देशों से सीमांकित है ?

32. ऊर्जा संकट को हल करने के लिए आप क्या उपाय सुझाएँगे ?

33. सार्वजनिक व्यय के क्या लक्ष्य हैं ?

34. उपभोक्ता अधिनियम के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों में दीजिए :** 9 × 3 = 27

35. "भारतीयों की नई पीढ़ी में नई सोच तथा प्रत्यक्षण ( Perception ) का उदय ब्रिटिश शिक्षा से उभार आया ।" कैसे ?

36. हलागली के बैदाओं की बगावत का वर्णन करें ।

**अथवा**

आर्य समाज के उद्देश्यों का वर्णन करें ।

37. "द्वितीय विश्व युद्ध बहुत ही विनाशकारी था ।" कैसे ?

38. भारत की आंतरिक समस्या के रूप में सम्प्रदायवाद का उन्मूलन के लिए आपके सुझाव क्या हैं ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



39. संगठित क्षेत्र तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में अंतर करें ।

40. परिवहन एवं संचार का क्या महत्व है ?

**अथवा**

उद्योगों के स्थानीकरण को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख करें ।

41. भूकम्प की पूर्व सतकर्ता के उपायों की सूची बनाएँ ।

42. भारत में पंचायती राज व्यवस्था के प्रधान लक्षण ( Key features ) क्या हैं ?

**अथवा**

भारतीय रिजर्व बैंक के कार्य क्या हैं ?

43. डाकघरों द्वारा प्रदान की जानेवाली वित्तीय सेवाओं का उल्लेख करें ।

**अथवा**

किसी उद्यमी के प्रमुख कार्यों की सूची बनायें ।

V. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग आठ वाक्यों में दीजिए :** $4 \times 4 = 16$

44. 1857 के भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध की असफलता के कारणों का वर्णन करें ।

45. डॉ० बी० आर० अंबेडकर की सामाजिक समानता की सोच का सोदाहरण वर्णन करें ।

**अथवा**

उग्र उन्मूलनवादियों ( radicals ) ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष को कैसे फिर से तीव्र किया ?

46. सिन्धु नदी सभ्यता से आज तक के भारत तथा चीन के संबंध का वर्णन करें ।

47. हमारे देश की आर्थिक प्रगति में कृषि का महत्व क्या है ?

www.careerindia.com

VI. 48. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** 1 + 4 = 5

a) $23\frac{1^\circ}{2}$ उत्तरी अक्षांश

b) गोविंद सागर

c) मुम्बई हाई

d) तुतीकोरिन ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 48 के बदले में )**

बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख करें । 5

www.careerindia.com

www.careerindia.com